## कार्यालय जिलाधिकारी उधम सिंह नगर।

पत्र संख्याः र– 152 / 30–ए0आर0ए0 / 2014 दिनांकः 5 / 02 / 2014

विषय जनपद में उपखनिज उपलब्ध राजस्व क्षेत्र के नदी तल क्षेत्रों में निविदा प्रणाली में माध्यम से आंवटन हेतु उपखनिज चुगान/खनन की निविदा की विज्ञप्ति के प्रचार प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में।

1–समस्त उपजिलाधिकारी
जनपद उधम सिंह नगर।
2–समस्त तहसीलदार,
जनपद उधम सिंह नगर।
3–खान अधिकारी,
उधम सिंह नगर।

उपर्युक्त विषयक जनपद में उपखनिज उपलब्ध राजस्व क्षेत्र के नदी तल क्षेत्रों में निविदा प्रणाली में माध्यम से आंवटन हेतु उपखनिज चुगान/खनन की निविदा की विज्ञप्ति का प्रचार प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में इस कार्यालय से निर्गत निविदा की प्रति संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि संलग्न विज्ञप्ति/निविदा को सूचना पट पर चस्पा करते हुये अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का कष्ट करें।,

संलग्नकः– निविदा सूचना की प्रति।

प्रभारी अधिकारी (खनन)
कलेक्ट्रेट
उधम सिंह नगर।

प्रतिलिपिः– 01:–सूचना विज्ञान अधिकारी उधम सिंह नगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि संलग्न विज्ञप्ति को विभागीय वेवसाईड व जनपद की वेववाईड पर तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें।

02–निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म ईकाई उद्योग निदेशालय देहरादून को विज्ञप्ति की प्रति सूचनार्थ प्रेषित।

03:– मुख्य परिसेवी कलेक्ट्रेट उधम सिंह नगर को विज्ञप्ति की प्रति जिला कार्यालय के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी (खनन)
कलेक्ट्रेट 05/02/14
उधम सिंह नगर।

**भूतत्व एवं खनिकर्म ईकाई,उघोग निदेशालय,उत्तराखण्ड की उपखनिज चुगान/खनन की निविदा सूचना**
**जिलाधिकारी कार्यालय जनपद उधमसिंहनगर।**

जिलाधिकारी उधमसिंहनगर द्वारा जनपद के उपखनिज उपलब्ध राजस्व क्षेत्र में नदी तल के क्षेत्रों में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म ईकाई उघोग निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त कर निविदा प्रणाली के माध्यम से लॉट आवंटित किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक विकास अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0–1917/VII-I/130–ख/2013 दिनांक:23 सितम्बर, 2013 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार जनपद उधमसिंहनगर के स्थाई निवासी या जनपद के स्थाई निवासियों की समिति जो उत्तराखण्ड कॉपरेटिव सोसाईटी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हो, को 05 हैक्टेएर क्षेत्रफल से कम हेतु तथा राज्य के स्थाई निवासी या राज्य के स्थायी निवासियों की समिति जो उत्तराखण्ड कॉपरेटिव सोसाईटी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हो, को 05 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल हेतु एक व्यक्ति एक खनन पट्टा या एक समिति एक खनन पट्टा सिद्धान्त के आधार पर निम्नलिखित निबंन्धों एवं शर्तो के अधीन राजस्व क्षेत्र में 03 वर्ष या 30 सितम्बर, 2016 जो भी पहले हो तक, अवधि हेतु बिना मशीन (Excavator or JCB, etc) उपयोग के खनन अर्थात मैनुअल विधि से उपखनिज खनन पट्टा निविदा प्रणाली के माध्यम से निम्नांकित लाटों में पूर्व में आवंटित न होने के कारण पुनः निम्नानुसार सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित किये जाते हैः–

**निविदा विज्ञप्ति की संख्या :– 03 दिनांक 5–02–2014**

सीलबन्द लिफाफे में निविदा प्रस्ताव जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय व स्थानः

दिनांक 20.02.2014 **समय 2.00 P.M.**तक **स्थान–खनन पटल कक्ष जिला कार्यालय उधम सिंह नगर**

निविदा खोले जाने का दिनांकः 20.02.2014 **समयः 3.00 P.M. (स्थान कलेक्ट्रेट सभागार उधमसिंहनगर)**

**–ःक्षेत्र का विवरणः–**

| क्र0सं0 | उपखनिज क्षेत्र का नाम/ग्राम व तहसील | खसरा/गाटा संख्या | खनन लॉट का क्षेत्रफल (है0 में) | निर्धारित मात्रा (टन में प्रतिवर्ष) | आधार मूल्य (रू. में) प्रतिवर्ष | बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी आधार मूल्य का 2 प्रतिशत) | हैसियत (आधार मूल्य का 10 प्रतिशत) | अभ्युक्ति SEIAA (UK) MOEF द्वारा प्रदत्त अनुमति का पत्राक व तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ग्राम राजपुर तहसील जसपुर | 131ग, 137, 251क, 252 अ, 256, 570मि0, 571ग मि0, 616 | 3.491 | 99494 | 12436750 | 248735 | 1243675 | 226-1 (243)/2013 date 21-10-2013 |
| 2 | ग्राम भव्वानगला तहसील बाजपुर | 36/3, 37/1 | 3.528 | 100548 | 12568500 | 251370 | 1256850 | 223-1 (255)/2013 date 21-10-2013 |
| 3 | ग्राम कनौरा तहसील बाजपुर | 442, 442/526 अ, | 1.147 | 32690 | 4086250 | 81725 | 408625 | 224-1 (253)/2013 date 21-10-2013 |

1–निविदाकर्ता क्षेत्र की निविदा डाले जाने से पूर्व क्षेत्र का निरीक्षण कर खनन क्षेत्र की स्थिति तथा खनिज के सम्बन्ध में अन्य समस्त जानकारियों से अपने को आश्वस्त कर लें।

2–प्रत्येक निविदा क्षेत्र हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य 5.000.00 +13.5 प्रतिशत वैट अर्थात रू0675.00 कुल मूल्य 5.675/–रूपया ट्रेजरी चालान के माध्यम से सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कराये जाने के उपरान्त निविदा हेतु प्रपत्र तथा अन्य विवरण जिला कार्यालय उधम सिंह नगरके खनन पटल/खान अधिकारी कार्यालय उधमसिंहनगर से प्राप्त की जा सकती है। अथवा विभागीय वेवसाईट http//dgm.uk.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। जो निविदाकार वेवसाईट से डाउनलोड कर निविदा प्राप्त करेगें वे निविदा जमा करते समय निविदा शुल्क जमा किये जाने का साक्ष्य संलग्न करेगें।

3–निविदा समिति को राज्य सरकार की ओर से सफल निविदाकारों को चयन करने एवं बिना कोई कारण बताए समस्त निविदाओं को निरस्त करने, अपात्र निविदाकारों की निविदा निरस्त करने,वित्तीय निविदा खोलने/निविदा को स्वीकृति का अधिकार समिति के अध्यक्ष का होगा।

जिलाधिकारी
उधमसिंहनगर।